प्रदेश में चलेगा राजस्व महाभियान

सीएम ने खजुराहो में राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 8 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों और आम नागरिकों के भूमि-संबंधी लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाभियान पुनः चलाया जाए.

इससे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेखों में सुधार जैसे प्रकरणों का तेजी से और पारदर्शी तरीके से निराकरण किया जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को महाराजा कन्वेंशन सेंटर खजुराहो में राजस्व विभाग की समीक्षा कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ.

यादव ने निर्देश दिए कि 6 माह से अधिक लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें. इसके लिए प्राथमिकता से पीठासीन अधिकारियों से संपर्क करें.

राजस्व अभिलेखों का डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए. नागरिकों को उनकी भूमि का त्वरित नक्शा और विवरणों की उपलब्धता आसान बनाए. इसके लिए वेबसाइट पर सुविधा उपलब्ध करायें. यह सुविधा अगले दो वर्ष में पूर्ण करें. वेबसाइट से प्राप्त दस्तावेजों को प्रामाणिक बनाए जिससे दस्तावेजों की डुप्लीकेसी रुकेगी. नवीन आवश्यक आबादी भूमि का चिन्हांकन करें. प्रदेश के नक्शाविहीन ग्रामों का नक्शा बनाएं.

अगले तीन वर्ष के लिए ये होगी कार्ययोजना

- डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के अनुरूप विभागीय पोर्टल का आधुनिकीकरण किया जाएगा.
- नक्शाविहीन ग्रामों के नक्शे बनाने तथा भू-अर्जन प्रक्रियाओं को एंड-टू-एंड ऑनलाइन किया जाएगा.
- नवीन आवश्यक आबादी भूमियों का चिन्हांकन किया जाएगा.
- विश्वास आधारित डायवर्जन प्रक्रिया लागू करने की योजना है.

बे-बस नहीं रहेंगे महाकाल आए श्रद्धालु, यात्री बस होगी चालू

- नववर्ष पर भक्तों को मिलेगी सुगम दर्शन व्यवस्था
- बंद पड़ी उज्जैन दर्शन बस सेवा होगी शुरू
- पूरे महाकाल मंदिर परिसर और महाकाल लोक में लगेंगे क्यूआर कोड

नवभारत न्यूज

उज्जैन. नए वर्ष के आगमन पर महाकाल की नगरी में मन्दिर प्रशासन के नवाचार व बेहतर व्यवस्थाओं से जहां भक्तों को सुगम दर्शन मिलेंगे, वहीं डिजिटल व्यवस्था और बस सेवा शहर की धार्मिक यात्रा को और भी सुखद बनाने जा रही है. महाकाल के जयकारों के बीच उज्जैन एक बार फिर नई चमक के साथ भक्तों का स्वागत करेगा.

नए वर्ष में महाकालेश्वर मंदिर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और बेहतर सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए महाकाल मंदिर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. प्रशासनिक स्तर पर यह व्यवस्था महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में की जा रही है.

परिसर व महाकाल लोक का निरीक्षण-इसी क्रम में सोमवार को महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने महाकाल मंदिर परिसर से लेकर महाकाल लोक तक निरीक्षण किया. शौचालय से लेकर पेयजल व सभी जरूरी स्थान पर संकेतक लगाए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने बाग-बगीचों में हरियाली बनाए रखने, फूल-पत्तियों और पेड़ों की नियमित देखरेख के लिए मालियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए. पेयजल व्यवस्था और निर्माण कार्यों की स्थिति भी देखी गई. जहां लापरवाही पाई गई, व टूट - फूट देखी गई वहां तत्काल सुधार के आदेश दिए गए.

स्मार्ट सिटी को लगाई लताड़-मंदिर प्रशासन प्रथम कौशिक ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को कार्य में लापरवाही बरतने पर लताड़ लगाई. स्मार्ट सिटी को फटकार लगाते हुए कहा कि, पूरे मंदिर परिसर में जहां-जहां निर्माण कार्य किए है वह सब लापरवाही की भेंट चढ़ रहे हैं, ध्यान देना ही बंद कर दिया है, ऐसे में सभी कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने को कहा.

उज्जैन दर्शन यात्री बस सेवा फिर शुरू-नवभारत से चर्चा में प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि श्रद्धालुओं को केवल महाकाल दर्शन ही नहीं, बल्कि उज्जैन के अन्य प्रमुख देवालयों और शिवालयों के दर्शन भी कराए जाएंगे. इसके लिए उज्जैन दर्शन यात्री बस सेवा एक बार फिर शुरू की जा रही है.

ये होंगी बस में विशेष सुविधाएं...

उज्जैन दर्शन बस सेवा के तहत बड़े पैमाने पर सुधार किए गए हैं. व्यवस्था, बढ़ाई गई है, आरामदायक आधुनिक सीटें रहेंगी, उतरने- चढ़ने बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था मिलेगी. बस के अंदर आधुनिक सामग्री व सूचना व्यवस्था का इजाफा किया गया है.

क्यूआर कोड व डिजिटल भुगतान

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को डिजिटल सुविधा देने हेतु कई स्थानों पर क्यू आर कोड- बारकोड लगाए जाएंगे. इससे श्रद्धालु ,महाकाल प्रबंध समिति को दान आसानी से कर सकेंगे. लड्डू प्रसाद खरीद सकेंगे, शीघ्र दर्शन शुल्क सीधे ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे. इसका उद्देश्य है कि किसी भी श्रद्धालु को कतार में लगने या भुगतान में दिक्कत न हो.

लगातार निगरानी हो रही

सोमवार को मन्दिर प्रशाशक समेत सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल, सुरक्षा अधिकारी जयंत राठौर सहित स्मार्ट सिटी टीम लगातार निरीक्षण में रही. प्रबंधक प्रथम कौशिक ने साफ कहा कि नववर्ष पर भक्तों की सुविधा सर्वोपरि है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अधीनस्थों से लगातार निगरानी के लिए कहा है.

पेज एक का शेष

81 विस क्षेत्रों में नए औद्योगिक क्षेत्र होंगे विकसित

1.5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों का फार्मलाइजेशन किया जाएगा और उन्हें उद्यम पोर्टल से जोड़ा जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि अगले तीन वर्ष में 5 हजार से अधिक करोड़ की प्रोत्साहन राशि एमएसएमई इकाइयों को दी जाएगी. इसी तरह क्लस्टर विकास के लिए 30 नए निजी क्लस्टरों और 22 सामान्य सुविधा केंद्रों को स्वीकृति दी गई है. 31 औद्योगिक क्षेत्रों का विकास कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी वर्षों में 6,000 से अधिक भूखंडों के आवंटन की योजना बनाई गई है. इसके साथ ही 100 औद्योगिक क्षेत्रों में सीईटीपी की स्थापना की जाएगी, जिससे औद्योगिक गतिविधियों को पर्यावरणीय संतुलन के साथ बढ़ावा मिलेगा.

इंदौर भोपाल, मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में निवेश पर जोर: इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमएसएमई विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे इंदौर और भोपाल मेट्रोपॉलिटन सिटी के दृष्टिगत विकसित औद्योगिक क्षेत्रों को उद्योग जगत के बीच इस तरह से प्रचारित और प्रस्तुत करें, जिससे अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हों तथा व्यापक निवेश और रोजगार सृजित हो सकें. उन्होंने उद्योग वर्ष के समापन पर इस माह के अंत तक ग्वालियर में लगभग 2 लाख करोड़ निवेश वाली इकाइयों के भूमिपूजन औद्योगिक भूखंड आवंटन, शुभारंभ आदि का व्यापक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा है.

KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR
PUBLIC WORKS DEPARTMENT

TENDER NOTICE NO. 106

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for works such as guttering and road concreting within the limits of the lokshair Annabhau Sathe Nagari Dalit Vasti Sudharana Yojana. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 09/12/2025 09.30 AM to 16/12/2025 at 3.30 PM. Tender Opening Date 17/12/2025 at 4.00 pm. Date 08/12/2025

Sd/-
City Engineer
Kolhapur Municipal Corporation

राशन दुकानों में पीओएस मशीन लगेगी

भोपाल. राशन वितरण व्यवस्था को अधिक तेज और पारदर्शी बनाते हुए उचित मूल्य दुकानों पर आधुनिक पीओएस मशीन लगाई जाएगी, जिसमें पीओएस मशीन से तौल कांटे का इंटिग्रेशन एवं आईरिस स्केनर का प्रावधान है. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत स्मार्ट पीडीएस योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा. इसके अलावा शासकीय गोदामों की छत पर सोलर पैनल लगाने, भण्डारण प्रक्रिया का मॉर्डनाइजेशन और गोदामों का अपग्रेडेशन करने के साथ उन्त तकनीकी की सहायता से विभिन्न स्तरों पर डेटा सिंक्रोनाइजेशन के कार्य भी किए जाएंगे. यह जानकारी सोमवार को खजुराहो में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा के दौरान अगले तीन वर्ष के रोडमैप के प्रजेंटेशन के दौरान दी गई.

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
REGIONAL OFFICE, INDORE
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
CIN : U51102MP1977SGC001392
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore- 452001
क्रमांक/एमपीआईडीसी/क्षे.का.इं/प्लानिंग/2025/15687 दिनांक 08.12.2025

जाहिर सूचना

मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम की मध्यप्रदेश निवेश क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन योजना पीथमपुर के अन्तर्गत भू-स्वामियों से सहमति प्राप्त कर क्रियान्वयन निम्नलिखित भूमि पर किया जा रहा है:-

क्र.	गांव	तहसील	जिला	भू-स्वामी	खसरा	रकबा हे.
1	कालीबिल्लोद	देपालपुर	इंदौर	अजय यादव संजय यादव पिता ब्रजलाल यादव	267/1/2/5	0.200
					267/11/2	0.326
2	कालीबिल्लोद	देपालपुर	इंदौर	मीराबाई पति दित्या भुवानसिंह भागीरथ	218/1	0.372
				बुरखीलाल सीताराम सूरजबाई सूरतबाई पिता दित्या सुमित्रा	219/1	0.150
				बाई पति सीताराम विशाल आकाश रवीना पिता सीताराम	246/14	0.383
3	सलमपुर	देपालपुर	इंदौर	दिनेश चौहान पिता नंदलाल चौहान	292/371/2	0.092
4	सलमपुर	देपालपुर	इंदौर	शीतल बिरला पत्नी महावीर कुमार बिरला	253/1/3	0.496
5	रणमलबिल्लोद	देपालपुर	इंदौर	प्रहलाद कैलाश सिकंदर पिता नाथू संतोष सोदराबाई पि नाथू सोनाबाई बेवा नाथू शारदाबाई बेवा मुकेश माला अन्नू पि मुकेश	253/1	1.608

यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय या अर्धशासकीय विभाग, वित्तीय संस्था, बैंक का कोई ऋण भार, हक, अधिकार तथा विवाद आदि हो अथवा इस भूमि के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों में निम्न पते पर मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् प्राप्त किसी आपत्ति पर निगम द्वारा विचार नहीं किया जा सकेगा। **पता:- एम.पी.आई.डी.सी, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल अतुल्य आई.टी पार्क, खण्डवा रोड इन्दौर फोन: 0731 2971611, 2974363, 2971311, फैक्स: 0731-2972629 ईमेल: ed.roind@mpidc.co.in**

म.प्र. माध्यम/123423/2025 कार्यकारी संचालक

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60